भावना के निर्धन-जन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत,दिनांक 25-12-2022 को आयोजित,चतुर्थ शीतकालीन सहायता शिविर की संक्षिप्त रिपोर्ट।

भावना के ग्राम्यांचल एवं निर्धन-जन सेवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में,दिनांक 25-12-2022 को,जनपद बाराबंकी,विकास खण्ड त्रिवेदीगंज,के ग्राम तेजवापुर में चतुर्थ शीतकालीन सहायता शिविर सम्पन्न हुआ ।

शिविर में तेजवापुर,बद्दापुर,बसंतपुर,मुर्तिहा, पूरेपांचू ,सरैया,अलमापुर व पूरेघासी के ग्राम वासियों ने भाग लिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ।तदनन्तर उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए,भावना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला ने,विभिन्न जनोपयोगी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जिसमे सभी को ई-श्रम कार्ड * और भारत सरकार की *आयुष्मान योजना का गोल्ड कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित किया तथा आह्वान किया कि ई-श्रम कार्ड जनसेवा केंद्र पर जाकर बनवायें।प्रतिवर्ष इसका नवीनीकरण भी करायें।यह भी अवगत कराया कि आयुष्मान योजना का कार्ड बनाने हेतु सरकारी चिकित्सालयों में अलग काउण्टर होता है,वहाँ जाकर कार्ड बनवायें।इसके लिए शिविर लगने की प्रतीक्षा न करें।ग्राम पंचायतों के अधिकार और कर्तव्यों के बारे में भी विस्तार से बताया गया।भारतीय संविधान के विशेष उपयोगी प्राविधानों से सम्बन्धित एक पुस्तिका की प्रतियाँ भी ग्राम प्रधान और कतिपय संभ्रांत नागरिकों को उपलब्ध कराकर अनुरोध किया गया कि इन प्राविधानों से ग्रामवासियों को निरंतर अंतराल पर नियमित अवगत कराते रहें।

शिविर में इन ग्रामों के,पूर्व चयनित पात्र परिवारों को,शीतकाल में ठंड से बचाव हेतु,94 -अदद नये ऊनी कम्बल वितरित किए गये।भावना के सदस्यों द्वारा उपलब्ध कराये गये पुराने उपयोगी वस्त्रों का भी वितरण किया गया।

कैम्प में भावना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला,प्रमुख महासचिव श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह,प्रकोष्ठ के सचिव और संयोजक श्री प्रभात किरण चौरसिया,महासचिव(एडवोकेसी) श्री सतपाल सिंह,महासचिव(कार्यान्वयन)श्री जग मोहन लाल जायसवाल,सदस्य श्री ओम प्रकाश शर्मा,श्री चन्द्र शेखर आज़ाद,श्री वी.के.कपूर,श्रीमती ऊषा किरन जायसवाल,श्री आदित्य प्रताप सिंह तथा अन्य अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

विनोद कुमार शुक्ला

राष्ट्रीय अध्यक्ष

भावना